जालंधर, मंगलवार 14 मई 2024
JALANDHAR, LUDHIANA, AMRITSAR, CHANDIGARH
+91 97814 00247



वंदे भारत 24
भारत के मन की बात

सुविचार
कितना खाली लगता है वो घर जहाँ सबके होते हुए भी माँ ना दिखे

@vandebharat24 | vandebharat24news | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com

# शराब की लत में डूबे थे केजरीवाल

## इसलिए घोटाला किया, जिनके पीछे ED, उन्हें न चुनें : अन्ना

**जालंधर( हर्ष शर्मा ):** कभी अरविंद केजरीवाल के गुरु रहे सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने सोमवार को अपने शिष्य पर हमला बोला, जिनके साथ मिलकर उन्होंने अतीत में लड़ाई लड़ी थी। दिल्ली के मुख्यमंत्री पर स्पष्ट निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि मैं दिल्ली शराब घोटाला मामले में नाम आने पर अरविंद केजरीवाल की कड़ी आलोचना करता हूं।

उन्होंने यह भ्रष्टाचार इसलिए किया, क्योंकि वह शराब की लत में डूबे हुए थे। ऐसे लोगों को दोबारा नहीं चुना जाना चाहिए।

छियासी वर्षीय अन्ना ने अपने मताधिकार का प्रयोग करने के बाद नागरिकों से यह कहते हुए सही उम्मीदवार चुनने की अपील की कि महान राष्ट्र की कुंजी गलत हाथों में नहीं जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज लोकतंत्र का एक बड़ा उत्सव है और सभी को इसमें भाग लेना चाहिए तथा चरित्रवान एवं ईमानदार व्यक्ति के लिए मतदान करना चाहिए। चूंकि देश की चाबी मतदाताओं के हाथ में है, इसलिए इस चाबी को सही हाथों में देकर सही तरीके से चुना जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि स्वच्छ उम्मीदवारों को चुनें। स्वच्छ छवि वाले राजनेताओं को चुनें, न कि उन लोगों को चुनें जिनका प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पीछा कर रहा है।



## केजरीवाल के PA ने मुझे पीटा, AAP सांसद स्वाती मालीवाल का सनसनीखेज आरोप

**जालंधर ( काजल विज ) :** आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद और दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष स्वाती मालीवाल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर सनसनीखेज आरोप लगाया है। दिल्ली पुलिस के सूत्रों के हवाले से यह बड़ी खबर आई है।सूत्रों का कहना है कि मालीवाल के नाम से पुलिस को सुबह 10 बजे कॉल की गई। यह कॉल स्वाती के नंबर से हुई। मालीवाल ने केजरीवाल के पीए बिभव कुमार पर मारपीट का आरोप लगाया। हालांकि, पुलिस का कहना है कि कॉल के बाद पीसीआर जब वहां गईं तो वह मौके पर नहीं मिलीं।



### केजरीवाल के आवास पहुंची दिल्ली पुलिस

बता दें कि केजरीवाल पर उनकी पार्टी के किसी बड़े नेता का यह बड़ा आरोप है। खास बात यह है कि राज्यसभा का सदस्य बनने के बाद मालीवाल पार्टी में ज्यादा सक्रिय नहीं दिखाई दीं। यहां तक कि आबकारी नीति घोटाला मामले में उनकी चुप्पी चर्चा का विषय रही लेकिन अब उनके इस मारपीट के दावे के बाद पूर्व पीए के लिए मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं। खबर यह भी है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए दिल्ली पुलिस केजरीवाल के घर पहुंच चुकी है।

### कपिल मिश्रा ने दी प्रतिक्रिया

सूत्रों का कहना है कि केजरीवाल के घर पर स्वाती और पीए के बीच झड़प हुई। इस बीच, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता कपिल मिश्रा ने प्रतिक्रिया दी है। ङ्ग पर कपिल ने कई सवाल पूछे। उन्होंने पूछा कि आज सुबह केजरीवाल के घर में स्वाति को पुलिस क्यों बुलानी पड़ी? क्या केजरीवाल के पीए विभव ने स्वाति मालीवाल की पिटाई की? क्या मुख्यमंत्री का कार्यालय कोई स्पष्टीकरण देगा? ईश्वर करें मुख्यमंत्री के घर में महिला राज्यसभा सांसद की पिटाई की खबर झूठी हो।

## पंजाब में गैंगस्टरों का आतंक जारी, होटल कारोबारी से मांगी 2 करोड़ की फिरौती

**जालंधर( दीपांशु चोपड़ा ) :** पंजाब में गैंगस्टरों का आतंक जारी है। अब कुख्यात गैंगस्टर रोहित गोदारा के नाम से लुधियाना के एक बड़े होटल व्यवसायी से 2 करोड़ रुपए की रंगदारी (फिरौती) मांगी गई है। इसके लिए कुछ बदमाशों द्वारा फोन कर धमकी दी गई है। कारोबारी को 2 करोड़ रुपए न देने पर उसे और उसके परिवार के सदस्यों को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी जा रही है।

लुधियाना के मॉडल टाउन थाना में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। सुरक्षा का हवाला देकर पुलिस ने फिलहाल कारोबारी की पहचान को गुप्त रखा है।

होटल कारोबारी ने पुलिस को बताया कि उसकी मां के मोबाइल नंबर पर विदेश से



WhatsApp कॉल की गई। उन्होंने इसका जवाब नहीं दिया।

### मैसेज भेजकर मांगे गए 2 करोड़

पुलिस के मुताबिक होटल कारोबारी को कॉल करने वाले ने उस नंबर पर वॉयस मैसेज भेजा और 2 करोड़ रुपए की मांग की। इसके बाद उसने नंबर ब्लॉक कर दिया था। लेकिन इसके बाद फिर से दूसरे नंबरों से कई बार कॉल आई।

कॉल करने वाले ने खुद को गैंगस्टर रोहित गोदारा बताया।होटल कारोबारी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ IPC की धारा 384, 387 और 506 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस की टीम आरोपी को ढूंढने में जुटी है।

## सीबीएसई 12वीं का रिजल्ट जारी, 87.98 प्रतिशत पास, लड़कियों ने मारी बाजी

**जालंधर ( हिमांशु ) :** रिजल्ट का इंतजार कर रहे 12वीं सीबीएसई के छात्रों के लिए बड़ी खबर सामने आ रही है। खबर है कि cbse 12वीं का परिणाम घोषित हो गया है।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 12वीं रिजल्ट जारी कर दिया है। सीबीएसई बोर्ड 12वीं रिजल्ट 2024 ऑफिशियल वेबसाइट cbse.gov.in, cbse.nic.in, results.cbse.nic.in और cbseresults.nic.in पर चेक कर सकते हैं।

सीबीएसई बोर्ड इंटर रिजल्ट 2024 उमंग व डिजिलॉकर पर भी चेक कर सकते हैं। इस बार कक्षा 12वीं में 87.98 प्रतिशथ बच्चे पास हुए हैं।



HAKIM TILAK RAJ KAPOOR HOSPITAL PVT. LTD.
NEAR FOOTBALL CHOWK, JALANDHAR | Call/Whatsapp No. +91-95015-02525



आयुर्वेदिक एवं यूनानी दवाइयों तथा पंचकर्मा द्वारा हर बीमारी के सफल इलाज के लिए मिलें।
Dr. Nuvneet Kapoor
B.A.M.S., M.D (H.T.R.K.)
Ph.: 0181-5092525
Website : www.hakimtilakraj.in

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से वंदे भारत 24 के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247, 97804-00247



S.T COLLEGE OF NURSING & MEDICAL SCIENCES
Recognized by INC, New Delhi, Affiliated by BFUHS, Faridkot & PNRC, Mohali Approved by Govt. of Punjab.
COURSES OFFERED
ANM 2 Years Diploma
GNM 3 Years Diploma
B.Sc (Nursing) 4 Years Degree
D-Pharmacy (Ay.) 2 Years & 3 Months Diploma
10+1 & 10+2 (P.S.E.B)
V.P.O. Mehlanwali, Una Road, Hoshiarpur Pb.
Contact : +91-62841-11519, +91-99145-82525
www.stnursinginstitute.in

# कांग्रेस के घोषणापत्र पर वित्त मंत्री सीतारमण ने उठाया सवाल, कहा- क्या बड़े-बड़े वादों की लागत पर विचार किया



**जालंधर (हिमांशु) :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र में किए गए लोक लुभावन वादों की व्यवहार्यता पर सवाल उठाया। उन्होंने पूछा कि क्या पार्टी ने योजनाओं के लिए रकम जुटाने के वास्ते बड़े पैमाने पर उधार लेगी और कर बढ़ाएगी।

सीतारमण ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, 'क्या कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में किए गए बड़े-बड़े वादों की लागत पर विचार किया है? क्या उन्होंने गणना की है कि 'खटा-खट' योजनाओं की वित्तीय लागत कितनी होगी? क्या वे उनके लिए बड़े पैमाने पर उधार लेंगे या वे इसके लिए कोष देने के लिए कर बढ़ाएंगे? आखिर राहुल गांधी 'खटा-खट' योजनाओं की वित्तीय लागत को पूरा करने के लिए कितनी कल्याणकारी योजनाएं बंद करेंगे?'

कांग्रेस पार्टी ने पिछले महीने जारी किए अपने चुनावी घोषणापत्र में सरकारी नौकरियों में 30 लाख खाली पदों को भरने, गरीबों के लिए शहरी रोजगार योजना शुरू करने और गरीब परिवार की महिलाओं को सालाना 1 लाख रुपये देने का वादा किया है। प्रस्तावित ऐप्रेंटिसशिप अधिकार योजना के तहत पार्टी ने 25 साल से कम उम्र के बेरोजगार युवाओं को हर साल एक लाख रुपये मानदेय देने का भी वादा किया है।

सीतारमण ने पूछा, 'क्या राहुल गांधी इन सवालों का जवाब देना चाहेंगे और बताएंगे कि उनकी राजकोष के मोर्चे अधिक खर्चे वाली योजनाएं बिना कर बढ़ाये या भारी उधार लिए और अर्थव्यवस्था को गिराये बिना कैसे काम करेंगी?'

वित्त मंत्री ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार का राजकोषीय प्रबंधन पहले की संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की तुलना में काफी बेहतर है। यह स्थिति तब है जब वैश्विक महामारी कोविड-19 का सामना करने के लिए राहत प्रयासों को लेकर काफी संसाधन का उपयोग किया गया था। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2003-04 से वित्त वर्ष 2013-14 तक संप्रग शासन के दौरान मौजूदा मूल्य पर बाह्य कर्ज (विदेशों से ऋण) सहित केंद्र सरकार का कुल ऋण लगभग 3.2 गुना बढ़ गया। यह मार्च 2004 में 18.74 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर मार्च 2014 में 58.59 लाख करोड़ रुपये हो गया। उन्होंने कहा कि वहीं वित्त वर्ष 2023-24 में यह बढ़कर 172.37 लाख करोड़ रुपये (संशोधित अनुमान) हो गया। यानी इसमें 2.9 गुना वृद्धि हुई जो संप्रग शासन के दौरान हुई वृद्धि से कम है। सीतारमण ने कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने वैश्विक महामारी के बाद आर्थिक वृद्धि को बनाए रखते हुए राजकोषीय मजबूती के लिए एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाया। इस रणनीति ने 2020-21 में राजकोषीय घाटे को कम करने में मदद की जो 2023-24 में जीडीपी के प्रतिशत के रूप में 5.8 प्रतिशत रहा।

अंतरिम बजट में वित्त वर्ष 2024-25 में इसके घटकर 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। उन्होंने कहा, 'इसी तरह, केंद्र सरकार का कर्ज-जीडीपी अनुपात 2020-21 में 61.4 प्रतिशत था। जो 2023-24 में घटकर 57.1 प्रतिशत हो गया।'

वित्त मंत्री ने कहा कि संप्रग सरकार के समय लगातार छह वर्षों तक यानी वित्त वर्ष 2009 से वित्त वर्ष 2014 तक भारत का सकल राजकोषीय घाटा जीडीपी का कम से कम 4.5 फीसदी था। छह में से तीन वर्षों तक यह जीडीपी का 4.5 से 5 फीसदी, एक में 5 से 6 फीसदी के बीच और दो वर्षों तक यह 6 फीसदी से अधिक था।

उन्होंने कहा, 'और उस वक्त वैश्विक महामारी कोविड-19 जैसी कोई त्रासदी भी नहीं थी, जिसके लिए बड़ी मात्रा में राजकोषीय विस्तार की जरूरत होती। यह संप्रग सरकार के खराब राजकोषीय प्रबंधन को दर्शाता है।' राजकोषीय प्रबंधन (विशेषकर कर्ज को लेकर) के बारे में हाल के दिनों में बहुत कुछ कहा गया है। उन्होंने कहा, 'कई बार, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि पर विचार किए बिना निरपेक्ष या पूर्ण आंकड़ों की तुलना की गई है।

जबकि हम जीडीपी के आधार पर कर्ज की गणना करते हैं। मैं कांग्रेस के उलट एक स्पष्ट तस्वीर सामने रखना चाहूंगी। कांग्रेस ऊंचे-ऊंचे वादों के पीछे चीजों को छिपाती है जो कतई पारदर्शी नहीं हैं और वास्तविकता से कोसों दूर है।

सीतारमण ने कहा कि यह हमारी सरकार के मजबूत वित्तीय प्रबंधन को बताता है। वित्त मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार के तहत वास्तविक घाटा बजटीय घाटे से कहीं अधिक था।

उन्होंने कहा संप्रग सरकार ने आधिकारिक घाटे के आंकड़ों को कम रखने के लिए पेट्रोलियम विपणन कंपनियों (तेल बॉन्ड), उर्वरक कंपनियों और भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) को नकद सब्सिडी के बदले विशेष बॉन्ड जारी किए। उन्होंने कहा, 'वित्त वर्ष 2005-06 से वित्त वर्ष 2009-10 तक पांच साल में 1.9 लाख करोड़ रुपये से अधिक की रकम बही-खातों से दूर रखी गई। इस रकम को को शामिल करने से राजकोषीय और राजस्व घाटा आंकड़ा कहीं अधिक होता।'

## जिनके पीछे ED पड़ी हो, उन्हें कभी न चुनें, केजरीवाल पर अन्ना हजारे का कटाक्ष



**जालंधर( संदीप मान) :** अरविंद केजरीवाल के गुरु और समाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने आज अपने शिष्य पर ही निशाना साधा है। कभी साथ मिलकर भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाले अन्ना हजारे ने केजरीवाल पर ही शराब घोटाले को लेकर कटाक्ष किया है।

### सही उम्मीदवार को ही चुनें

अन्ना हजारे ने आज अपना वोट डालने के बाद लोगों से एक खास अपील की। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को सही उम्मीदवार चुनना चाहिए क्योंकि देश की चाबी गलत हाथों में नहीं जानी चाहिए।

### केजरीवाल को दोबारा नहीं चुनना चाहिए

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर सीधा हमला करते हुए अन्ना हजारे ने आगे कहा कि मैं दिल्ली शराब घोटाला मामले में नाम आने के लिए अरविंद केजरीवाल की कड़ी आलोचना करता हूं, क्योंकि उन्होंने यह भ्रष्टाचार किया है। अन्ना ने कहा कि ऐसे लोगों को दोबारा नहीं चुना जाना चाहिए।

इस बीच, पुणे में बीजेपी नेता और कोथरुड विधायक चंद्रकांत पाटिल ने कोथरुड में मतदान किया। उन्होंने मतदाता के रूप में अपना नाम कोल्हापुर से पुणे स्थानांतरित कर दिया है। बीजेपी नेता और राज्यसभा सांसद मेधा कुलकर्णी ने भी अपने पति विश्राम कुलकर्णी के साथ पुणे के कोथरुड में वोट डाला।

## चलती बुलेट में लगी आग, पेट्रोल टैंक में ब्लास्ट से 7 लोग झुलसे



**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** राजधानी हैदराबाद में हुए इस हादसे में 7 लोग झुलस गए। दो युवक बाइक पर जा रहे थे। अचानक आग लगने के कारण दोनों एकदम चलती बाइक से ही नीचे कूद गए।बाइक में आग का पता सबसे पहले ड्राइवर को लगा। अचानक तपिश महसूस होने के बाद वह एकदम घबरा गया। जिसके बाद उसने छलांग लगा दी। जो युवक पीछे बैठा था, वह भी तुरंत सावधान हो गया।

उसके गिरने के बाद बाइक भी सड़क पर गिर गई। जैसे ही लोगों ने देखा, वे तुरंत मिट्टी और पानी लेकर आए और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन आग तब तक पेट्रोल टैंक तक फैल चुकी थी। जिसके बाद टैंक में ब्लास्ट हो गया। सभी मौजूद 7 लोग इसके कारण झुलस गए। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने इनको अस्पताल में दाखिल करवाया। बुलेट में लगी आग पर भी किसी तरह काबू पाया गया। पुलिस को भी मौके पर फोन कर लोगों ने बुलाया।

एक साल पहले हैदराबाद के नामपल्ली इलाके में भी भीषण आग लगी थी। आग के कारण अपार्टमेंट में फंसे 9 लोगों की जान चली गई थी। 3 लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल में दाखिल करवाया गया था। जिसके बाद मौके पर पहुंची दमकल टीमों ने आग पर काबू पाया था। बताया गया था कि इमारत के ग्राउंड फ्लोर पर एक गैराज है। जिसमें एक कार को रिपेयर किया जा रहा था। इसी दौरान आग की चिंगारियां केमिकल ड्रम पर गिर गई थी। जिसके कारण आग भड़क गई और चार मंजिला इमारत को चपेट में ले लिया था।

तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद से सटे सिकंदराबाद में भी एक ऐसा ही मामला सामने आया था। इस घटना में 8 लोगों की मौत हो गई थी। इस इलाके के एक इलेक्ट्रिक शोरूम में भीषण आग लगी थी। लेकिन 8 लोग आग में फंस गए थे। फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियों ने आग पर काबू पाया था।

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से वंदे भारत 24 के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247, 97804-00247






# Swati Maliwal की CM आवास में पिटाई, Delhi Police के पास पहुंची पर नहीं कराई FIR, 5 पॉइंट्स में जानिए अब तक क्या हुआ



**जालंधर ( नितिका ) :** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल नए विवाद में फंस गए हैं. केजरीवाल की आम आदमी पार्टी की राज्य सभा सांसद स्वाति मालीवाल ने अपने साथ मारपीट का आरोप लगाया है.

मालीवाल का आरोप है कि उनके साथ दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास में मारपीट की गई है. मारपीट करने का आरोप केजरीवाल के निजी सचिव विभव कुमार पर लगाया गया है. मालीवाल ने खुद सीएम आवास से दिल्ली पुलिस को फोन कर अपने साथ मारपीट होने की जानकारी दी है. इसके बाद पूरी दिल्ली में तहलका मचा हुआ है. दिल्ली पुलिस का कहना है कि मालीवाल ने पुलिस थाने में भी मारपीट होने का आरोप लगाया, लेकिन घटना के 5-6 घंटे बाद भी लिखित शिकायत नहीं दी है. उधर, भाजपा नेताओं ने इस घटना को लेकर AAP सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को घेरना शुरू कर दिया है.

**आइए 5 पॉइंट्स में जानते हैं कि इस विवाद में अब तक क्या पता चला है.**

### 1. दिल्ली पुलिस को मिली सुबह मालीवाल की कॉल

दिल्ली पुलिस के कंट्रोलरूम को सुबह 9.31 बजे कॉल की गई थी, जिसकी एंट्री डेली डायरी (डीडी) में की गई है. पुलिस लॉगशीट के मुताबिक, कॉल करने वाली कोई महिला थीं, जिन्होंने खुद को मुख्यमंत्री के घर पर मौजूद बताया था. महिला कॉलर ने कहा, मैं अभी सीएम के घर पर हूं, उन्होंने अपने पीएम विभव कुमार से मुझे बुरी तरह पिटवाया है. पुलिस कंट्रोलरूम में कॉल करने वाली महिला ने खुद को स्वाति मालीवाल बताया है.

### 2. केजरीवाल से मिलने से रोकने पर हुआ विवाद

जानकारी के मुताबिक, स्वाति मालीवाल सोमवार सुबह 9.10 बजे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलने पहुंची थीं. केजरीवाल के निजी स्टाफ ने उन्हें रोका, जिसे लेकर पूरा विवाद हुआ है. मालीवाल ने सुबह 9.31 बजे पुलिस कंट्रोल रूम में कॉल की और मारपीट की जानकारी दी. 9.34 बजे यह कॉल नॉर्थ कंट्रोल रूम को ट्रांसफर की गई. जहां गलत मैसेज लॉगबुक में दर्ज हो गया.

इस मैसेज में लिखा गया, मैं अभी सीएम के घर पर हूं, उन्होंने अपने क्र विभव कुमार के साथ मारपीट की है. हालांकि पुलिस लॉगबुक में सुबह 9.39 बजे डीडी एंट्री इस मैसेज को सुधारा गया. अपडेट मैसेज में लिखा गया, मैं अभी सीएम के घर पर हूं, उन्होंने और उनके PA ने मेरे साथ बुरी तरह मारपीट की है.

### 3. दिल्ली पुलिस की टीम पहुंची सीएम आवास, मालीवाल आईं थाने

दिल्ली पुलिस के DCP नॉर्थ मनोज कुमार मीणा के मुताबिक, स्थानीय पुलिस ने इस कॉल पर रिएक्शन दिया और SHO पुलिस टीम लेकर सीएम आवास पहुंचे. कुछ देर बाद स्वाति मालीवाल खुद सिविल लाइंस पुलिस स्टेशन पहुंचीं. उन्होंने वहां घटना के बारे में बताया, लेकिन वहां से बिना कोई लिखित शिकायत दिए ही वापस चली गईं.

### 4. शाम तक नहीं मिली थी पुलिस को लिखित शिकायत

DCP नॉर्थ मनोज कुमार मीणा ने ANI से कहा, स्वाति मालीवाल ने पुलिस थाने से जाते समय कहा था कि वे बाद में लिखित शिकायत दर्ज कराएंगी, लेकिन शाम तक भी पुलिस को कोई शिकायत नहीं मिली है.

इस घटना को लेकर स्वाति मालीवाल, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, सीएम ऑफिस या आम आदमी पार्टी की तरफ से देर शाम तक कोई ऑफिशियल बयान नहीं दिया गया है.

### 5. BJP ने पूछा, ऐसे किस तरह होगी दिल्ली की महिलाओं की सुरक्षा?

भाजपा ने इस मुद्दे को लेकर आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल को बुरी तरह घेर लिया है. भाजपा के राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर चीफ सेक्रेटरी और एमएलए के बाद अब अपनी ही पार्टी की महिला राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल को पिटवाने का आरोप लगाते हुए जमकर निशाना साधा है. उन्होंने कहा, सीएम आवास पर महिलाओं के साथ क्या-क्या किया जाता है? ये सारी बातें बहुत जल्द सामने आएगी, जब स्वाति मालीवाल लिखित में अपनी शिकायत देंगी पर एक बात स्पष्ट है कि अरविंद केजरीवाल भ्रष्ट भी हैं और औरतों को पिटवाते भी हैं. भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने भी इसे लेकर सवाल खड़ा किया है.

नई दिल्ली सीट से भाजपा उम्मीदवार बांसुरी स्वराज ने दिल्ली के मुख्यमंत्री की राजधानी में महिलाओं की सुरक्षा की गारंटी पर सवाल उठाया है. उन्होंने कहा, आज हमें शर्मनाक खबर मिली है कि अरविंद केजरीवाल के भड़काने पर उनके OSD ने उनकी ही पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल के साथ दुर्व्यवहार करते हुए मारपीट की है. यदि यह सच है तो शर्मनाक है. दिल्ली के मुख्यमंत्री को यह जवाब देना चाहिए कि यदि उनकी पार्टी की सांसद उनकी ही मौजूदगी में सुरक्षित नहीं है तो वे कैसे दिल्ली की महिलाओं की रक्षा करेंगे?

# कश्मीर की नई तस्वीर : इस बार चुनाव में पत्थर नहीं वोट पड़ रहे हैं, आतंकियों के घरवाले भी करने पहुंचे मतदान





**जालंधर ( दीपांशु चोपड़ा ) :** जम्मू-कश्मीर की बात करें तो आजादी के बाद से ही धरती का यह स्वर्ग आतंकी गतिविधियों, पत्थरबाजी और अलगावववाद में फंसा रहा है। लेकिन अब केंद्र शासित प्रदेश बन चुके इस राज्य की तस्वीर बदलती नजर आ रही है।

यहां के पुलवामा जिले में बड़े स्तर पर मतदान हुआ है जो पहले ग्रेनेड हमलों, फायरिंग और पत्थरबाजी की घटनाओं का गवाह रह चुका है।

हम बात कर रहे हैं काकपोरा पोलिंग स्टेशन की जहां पिछले तीन दशक के दौरान शायद ही ऐसा कोई चुनाव हुआ हो जिसमें ग्रेनेड हमले, गोलीबारी और पत्थरबाजी की घटनाएं न हुई हों। लेकिन श्रीनगर संसदीय क्षेत्र में आने वाली इस जगह की तस्वीर बदली है। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के दौरान हुए मतदान में यहां मतदाताओं ने काफी एक्टिवनेस दिखाई है।

### 370 हटने के बाद से घाटी में पहला बड़ा चुनाव

आर्टिकल 370 हटने के बाद कश्मीर घाटी में पहला बड़ा चुनाव हो रहा है। इसे लेकर यहां की जनता में उत्साह साफ दिखा है। न्यूज24 ने श्रीनगर से लेकर पुलवामा तक कई लोगों से बातचीत की। कुछ ने कहा कि वह आर्टिकल 370 को फिर से लागू करने के पक्ष में मतदान कर रहे हैं। तो कई ने रोजगार, बिजली बिल और अन्य मुद्दों पर वोट देने की बात कही।

यह लोकसभा चुनाव इस बात का भी गवाह बना है कि तीन दशक में कश्मीर घाटी में पहली बार कोई चुनाव अलगाववादी विरोध और हिंसा के बिना हो रहा है। मतदाताओं का प्रतिशत पिछले चुनावों की तुलना में कहीं ज्यादा रहा है।

यहां तक कि कई आतंकवादियों के परिवारों के सदस्य भी विभिन्न पोलिंग स्टेशंस पर अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने पहुंचे।



### जमात-ए-इस्लामी के चीफ ने भी किया मतदान

प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी कश्मीर के प्रमुख गुलाम कादिर वानी ने पुलवामा में वोट डाला। यह एक बड़ी बात है क्योंकि वह पहले कई बार राज्य में चुनाव का बहिष्कार कर चुके हैं। इसके अलावा एक एक्टिव आतंकी शाहित कुट्टे के पिता भी वोट डालने पहुंचे। उन्होंने दक्षिण कश्मीर के शोपियां इलाके में आने वाले चोटीपोरा में एक पोलिंग बूथ पर मतदान किया।

कश्मीर घाटी में इस बार वोट प्रतिशत पिछले चुनावों की तुलना में बढ़ा है। दोपहर 3 बजे कर यहां 30 प्रतिशत मतदान हुआ था। अगर इसी रफ्तार से वोटिंग होती रही तो यह 50 प्रतिशत का आंकड़ा भी पार कर सकता है। बता दें कि यह ऐतिहासिक आंकड़ा होगा क्योंकि पिछले तीन दशक में श्रीनगर संसदीय क्षेत्र में इतना मतदान कभी दर्ज नहीं किया गया है।

### 5 जिलों में हो रही वोटिंग, श्रीनगर में जंग रोचक

श्रीनगर सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला चल रहा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस की ओर से इस सीट पर आगा रुहुल्लाह मेहदी चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, पीडीपी ने वाहिद-उ-रहमान पारा को और अपनी पार्टी ने मोहम्मद अशरफ मीर को प्रत्याशी बनाया है। आम चुनाव के चौथे चरण में यहां के पांच जिलों- श्रीनगर, पुलवामा, बड़गाम, गांदरबल और शोपियां में मतदान हो रहा है।

# अभिजीत मुहूर्त, आनंद योग और पुष्य नक्षत्र...

# PM नरेंद्र मोदी के नामांकन पर कमाल का संयोग!

## ज्योतिषों ने की बड़ी भविष्यवाणी

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार ( 14 मई, 2024 ) को नामांकन दाखिल करेंगे. यह काम वह सुबह 11 बजकर 40 मिनट पर करेंगे. उत्तर प्रदेश (यूपी) के वाराणसी में जिस वक्त पीएम पर्चा भर रहे होंगे, उस दौरान बेहद खास संयोग बनेगा और गंगा सप्तमी भी पड़ेगी.

हिंदू पंचांग के अनुसार, भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के फायरब्रांड नेता के नामांकन भरने के दौरान अभिजीत मुहूर्त, आनंद योग और पुष्य नक्षत्र बनेगा. पुष्य नक्षत्र को सभी नक्षत्रों का सम्राट माना जाता है. 27 नक्षत्रों में इसे हिंदू वैदिक ज्योतिष ग्रंथों में श्रेष्ठ नक्षत्र का दर्जा दिया गया है. पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, इस नक्षत्र में किए गए कार्यों का फल विशेष सफलता देने वाला होता है.



### 14 मई, 2024 को कितनी देर चलेगा पुष्य नक्षत्र?

न्यूज पोर्टल मनी कंट्रोल की रिपोर्ट के अनुसार, पंडित ज्ञानेश्वर शास्त्री द्रविड़ ने इस मुहूर्त को सर्वश्रेष्ठ बताया है. वह बोले- यह नक्षत्र मंगलवार देर रात एक बजकर 43 मिनट से शुरू होगा और यह दोपहर तीन बजकर 10 मिनट तक चलेगा. इसके बाद अश्लेषा नक्षत्र चालू होगा.

### नरेंद्र मोदी विरोधी ताश के पत्तों जैसे बिखर जाएंग

अयोध्या के ज्योतिष पंडित कल्कि राम के हवाले से न्यूज 18 की रिपोर्ट में बताया गया कि साल 2014 में गुजरात के पूर्व सीएम नरेंद्र मोदी ने वाराणसी को लेकर कहा था कि उन्हें वहां गंगा मां ने बुलाया है. उनका वही कथन साकार हो रहा है. इस बार के आम चुनाव में उनके नामांकन के मायने प्रचंड नहीं बल्कि ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित करने वाले होंगे. पीएम नरेंद्र मोदी के विरोधी ताश में जोकर के पत्तों की तरह बिखर जाएंगे.

### ...तो इस दिन यूपी के वाराणसी में डाले जाएंगे वोट

काशी में एक जून, 2024 को इस आम चुनाव के आखिरी चरण (सातवें) के तहत मतदान होगा, जबकि नतीजे चार जून, 2024 को जारी किए जाएंगे. वैसे, 2019 में इस संसदीय क्षेत्र से बीजेपी के टिकट पर नरेंद्र मोदी ने जीत हासिल की थी. उन्हें 674,664 मिले थे, जबकि समाजवादी पार्टी (सपा) से उन्हें टक्कर देने वाली शालिनी यादव को सिर्फ 195,159 वोट ही मिले थे. ऐसे में पीएम मोदी 479,505 वोटों के बड़े अंतर से विजयी हुए थे.

# चौथे चरण के चुनाव तक कहां खड़ी है बीजेपी?

## पीएम मोदी के आत्मविश्वास में है जवाब

**जालंधर ( काजल विज ) :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले दो दिनों से बिहार में चुनाव प्रचार के सिलसिले में डटे हुए हैं। देश में सोमवार को चौथे चरण के चुनावों के साथ ही करीब 378 सीटों पर मतदान का कार्य संपन्न हो रहा है। आगे के तीन चरणों में लगभग 165 सीटों पर ही चुनाव होने हैं। पीएम मोदी ने ऐसे समय में कुछ इंटरव्यू दिए हैं, जिसमें उनकी बातों में एक आत्मविश्वास की झलक है। पीएम मोदी ने पटना में दैनिक भास्कर को एक विस्तृत इंटरव्यू दिया है, जिसमें उनसे काफी सारे मुद्दों पर बात की गई है और पीएम मोदी के जवाब में इस चुनाव का अंतिम उत्तर खोजने की कोशिश की जा सकती है।

**तीसरी पारी के लिए बड़ी कार्ययोजना तैयार :** मसलन, चुनाव के इस मुकाम पर भी पीएम मोदी अपनी तीसरी पारी की कार्ययोजनाओं को पूरे आत्मविश्वास के साथ देश के सामने रख रहे हैं। उन्होंने, दूसरी पारी के पहले 100 दिनों में ही आर्टिकल-370 को खत्म करना याद दिलाया है।

वह अपने पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में आम भारतीयों की मूलभूत सुविधाओं में हुए विस्तार के साथ ही दावे के साथ कहते हैं कि उनकी तीसरी पारी में भारत विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

इसके पीछे उनका तर्क ही बीते 10 सालों में दुनिया में भारत की साख बढ़ी है और देश में स्थिर सरकार होने की वजह से विभिन्न वैश्विक मंचों पर इसका सम्मान और बढ़ेगा।

**यूपी में पीएम मोदी को क्यों है पहले से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद?**

इस इंटरव्यू में पीएम मोदी से सवाल किया गया कि एनडीए को 400 का आंकड़ा पार करने के लिए उत्तर प्रदेश में पहले से और ज्यादा सीटें जीतनी होगी, जो कि



समाजवादी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन के बाद क्या संभव है? प्रधानमंत्री ने कहा कि यूपी में दोनों के बीच 2017 में अलायंस था। 2019 में भी साथ थे और 2022 में भी गठबंधन था। प्रधानमंत्री कहते हैं कि इस गठबंधन को हराने की हैट्रिक तो पहले ही लगा चुके हैं। उनके मुताबिक इन दोनों पार्टियों की सोच परिवार से आगे बढ़ ही नहीं पातीं। चर्चा भी इनके परिवार के सदस्यों के जीतने या नहीं जीतने को लेकर होती है। जबकि, भाजपा के पास एक बहुत ही मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड है। यूपी के लोग कानून और व्यवस्था में बदलाव को देख रहे हैं। उन्हें ऐसी सुरक्षा कभी महसूस नहीं हुई। इसलिए, इस बार यूपी में सारे रिकॉर्ड टूटेंगे और बीजेपी को और ज्यादा सीटें आएंगी।

**बंगाल में भी बड़ी जीत का पीएम मोदी को है विश्वास :** इसी तरह से पश्चिम बंगाल में भी बीजेपी की बढ़त को लेकर उन्हें पूरा भरोसा है। उनके मुताबिक वहां के लोग टीएमसी सरकार की असंवेदनशीलता से हैरान हैं। वहां महिलाओं की सुरक्षा को लेकर उन्होंने राज्य सरकार पर सवाल उठाया है और अपराधियों के संरक्षण को लेकर तृणमूल के रवैए पर चिंता जताई है। उन्हें यकीन है कि इस बार बीजेपी यहां अप्रत्याशित जीत दर्ज करेगी।

### प्रचार में धर्म के इस्तेमाल के आरोपों पर पीएम के पास है तथ्यों पर आधारित जवाब

इस चुनाव में विपक्षी इंडिया ब्लॉक खासकर कांग्रेस पार्टी खुद पीएम मोदी पर चुनाव प्रचार में धार्मिक भावनाओं को भड़काने जैसे आरोप लगा चुकी है। चुनाव आयोग तक में शिकायत की गई है कि वे हिंदू-मुस्लिम कर रहे हैं। इसपर पीएम मोदी का जवाब है कि कांग्रेस के मैनिफेस्टो देखिए। वह राहुल गांधी के भाषण और पूर्व पीएम मनमोहन सिंह सरकार के ट्रैक रिकॉर्ड देखने को कहते हैं। पीएम मोदी के मुताबिक उनमें सिर्फ और सिर्फ तुष्टिकरण की भावना दिखेगी। उनके अनुसार तुष्टीकरण कांग्रेस का असली स्वभाव बन गया है, जिसके बगैर वह राजनीति कर ही नहीं सकती। प्रधानमंत्री बड़ी ही स्पष्टता के साथ कह रहे हैं कि तथ्यों को देश के सामने रखना उनकी जिम्मेदारी है। वह कह रहे हैं कि वे तो कांग्रेस का पिछला ट्रैक रिकॉर्ड ही तो जनता के सामने रख रहे हैं।




# देशभर के 13 हवाईअड्डों को मिला बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल, तलाश जारी

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को रविवार को एक ई-मेल मिला, जिसमें देश भर के 13 हवाईअड्डों को उड़ाने की धमकी दी गई। सीआईएसएफ कार्यालय को दोपहर 3105 बजे बम की धमकी वाला ई-मेल प्राप्त हुआ, जिसके बाद तलाशी अभियान शुरू किया गया। सीआईएसएफ को कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे, भोपाल, पटना, जम्मू और जयपुर हवाईअड्डों पर बम की खबर से हड़कंप मच गया। हालांकि, जांच के बाद बम खतरा मूल्यांकन समिति ने खतरे को 'गैर-विशिष्ट' घोषित कर दिया।

इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, आधिकारिक बयान में कहा गया, चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, लखनऊ और अन्य हवाई अड्डों को दोपहर 3105 बजे विस्फोटक उपकरणों के संबंध में एक धमकी भरा ई-मेल मिला। सीसीएसएआई एयरपोर्ट की सुरक्षा टीम ने पूरे एयरपोर्ट का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद बम खतरा आकलन समिति ने खतरे को 'गैर-विशिष्ट' घोषित किया।

लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे, भोपाल, पटना, जम्मू और जयपुर हवाईअड्डों पर बम की खबर से हड़कंप मच गया। हालांकि, जांच के बाद बम खतरा मूल्यांकन समिति ने खतरे को 'गैर-विशिष्ट' घोषित कर दिया।



आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से वंदे भारत 24 के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247, 97804-00247



# रोटियां बनाईं, प्रसाद चखा, पटना साहिब में टेका मत्था, तस्वीरों में देखें पीएम मोदी की लंगर सेवा





**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण की वोटिंग चल रही है। इस बीच पीएम मोदी ने पटना साहिब गुरुद्वारे में मत्था टेका। रोटियां सेंकी, प्रसाद चखा और पंगत में बैठे लोगों को लंगर सेवाएं दीं।

दरअसल, चुनाव के बीच सोमवार को पीएम मोदी कड़ी सुरक्षा के बीच पटना स्थित तख्त श्री हरिमंदिर जी, पटना साहिब पहुंचे और मत्था टेका। प्रधानमंत्री की तख्त श्री हरिमंदिर जी, पटना साहिब की यात्रा के मद्देनजर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। तख्त श्री पटना साहिब को तख्त श्री हरिमंदिर जी, पटना साहिब के नाम से भी जाना जाता है, जो सिखों के पांच तख्तों में से एक है। गुरु गोविंद सिंह के जन्मस्थान के रूप में इस तख्त का निर्माण 18वीं शताब्दी में महाराजा रणजीत सिंह द्वारा करवाया गया था।

बता दें कि सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोविंद सिंह का जन्म 1666 में पटना में हुआ था। उन्होंने आनंदपुर साहिब जाने से पहले अपने प्रारंभिक वर्ष यहीं बिताए थे। प्रधानमंत्री मोदी ने सिर पर पगड़ी बांधकर श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब का दौरा किया उन्होंने एक दिन पहले पटना में रोड शो किया था। मोदी बिहार में कहीं भी रोड शो करने वाले पहले प्रधानमंत्री हैं। रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री के साथ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री और राज्य भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी और स्थानीय सांसद रविशंकर प्रसाद थे।

सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने एक पोस्ट में रोड शो के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा, 'पटना के मेरे परिवारजनों का बहुत-बहुत आभार। आज के रोड शो में आप सबका अभूतपूर्व जोश और उत्साह असीम ऊर्जा से भर देने वाला है। विशेषकर हमारे युवा साथियों और माताओं-बहनों ने इसमें भागीदारी कर जिस प्रकार भरपूर आशीर्वाद दिया, उससे पता चलता है कि शहर के लोगों का भाजपा-राजग से कितना गहरा जुड़ाव है। इससे 'विकसित पटना' के संकल्प को साकार करने की भावना और प्रबल हुई है।'

उन्होंने आगे कहा, 'मां गंगा के तट पर बसी पाटलिपुत्र की यह धरती प्राचीन काल से लेकर स्वतंत्रता आंदोलन तक के अनेक महत्वपूर्ण कालखंडों की गवाह रही है।

राजग सरकार 'विरासत भी, विकास भी' के मंत्र के साथ यहां की विरासत को संजोने-संवारने में जुटी है। बिहार विधानसभा के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में बना शताब्दी स्मृति स्तंभ इसका एक जीता-जागता उदाहरण है।'

प्रधानमंत्री ने कहा, 'शहर के लोगों का जीवन और आसान बनाने के लिए हमने सड़क, रेल और हवाई कनेक्टिविटी बढ़ाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी है। पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस हो या पटना-वाराणसी के बीच ट्रेन, रेलवे जंक्शन पर सुविधाओं का विस्तार हो या हवाई अड्डे पर घरेलू टर्मिनल बिल्डिंग और इनक्यूबेशन सेंटर हो, हमारी सरकार ने बुनियादी संरचना विकास पर काफी ध्यान दिया है।'

उन्होंने कहा, 'इसके साथ ही गंगा नदी पर केबल ब्रिज, महात्मा गांधी सेतु का जीर्णोद्धार, पटना मेट्रो रेल परियोजना और पटना रिंग रोड से शहर के लोगों का जीवन और आसान होगा।' उन्होंने कहा, विकास की गति तेज करने के लिए पारादीप-हल्दिया-दुर्गापुर एलपीजी पाइपलाइन का पटना तक विस्तार किया गया है। हमने शहर की स्वच्छता को भी ध्यान में रखते हुए जलमल शोधन संयंत्र बनवाए हैं। पटना शहर का पर्यटन विकास भी हमारी सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है।'

प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया, 'कांग्रेस के सहयोगी राजद ने जंगलराज लाने और शहर को अपराध सिटी बनाने का काम किया था।

इनका 'इंडिया' गठबंधन आज अपने वोट बैंक के लिए किसी भी हद तक गिरने को तैयार है। लेकिन हमारी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में पटना के विकास को नई ऊंचाई देने के लिए कृतसंकल्पित है।'

# बद्री विशाल में पीएम मोदी ने कराया अभिषेक, चारों धाम में श्रद्धालुओं का सैलाब



**जालंधर ( दीपांशु चोपड़ा ) :** भगवान बद्री विशाल के कपाट वैदिक मंत्रों चार के साथ ठीक 6 बजे ग्रीष्मकाल के लिए खोल दिए गए हैं। भगवान बद्री विशाल के कपाट खुलते ही उत्तराखंड में स्थित चारों धाम की यात्रा शुरू हो गई है।बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने के शुभ अवसर पर 10 हजार तीर्थ यात्री मौजूद थे जबकि अभी बद्रीनाथ धाम में 20 हजार से अधिक तीर्थ यात्री भगवान बद्री विशाल के दर्शनों के लिए पहुंचे हुए हैं। इसी तरह चारों धाम में श्रद्धालुओं का सैलाब देखा जा रहा है। हजारों की संख?या में पहुंचे श्रद्धालुओं के कारण तमाम व?यवस?थाएं चौपट हो गई हैं।

पहले दिन भगवान बद्री विशाल के साथ उद्धव और कुबेर जी गर्भ ग्रह में विराजमान हुए तो माता लक्ष्मी अपने मंदिर में विराजमान हुई। कपाट खुलने के शुभ अवसर पर देश और उत्तराखंड की खुशहाली की प्रार्थना की गई। पहली महा अभिषेक पूजा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की कराई गई। 11ः00 बजे महा अभिषेक संपन्न हुआ। कल से प्रात: काल 4ः30 बजे भगवान बद्री विशाल की सभी पूजाएं शुरू हो जाएंगीं।

**सबकी खुशहाली की प्रार्थना की,**

**देश दुनिया से आ रहे श्रद्धालु :** बद्री विशाल धाम के धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल ने बताया कि भगवान के चरणों में सबकी खुशहाली की प्रार्थना की गई। सारे अनुष्ठान पहले से तय मुहूर्त के अनुसार संपन्न हुए हैं। यहां बड़ा उत्सव का माहौल है। देश और विदेश से श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं और सभी बहुत खुश और उत्साहित हैं। श्रद्धालुओं ने कहा कि यहां आकर हम धन?य हो गए हैं। यहां आकर लग रहा है कि मानों सारे पाप धुल गए और हमने गंगा स्नान कर लिया हो।

## हरिद्वार के कनखल स्थित बद्रीश पंचायत मंदिर के कपाट भी खोले गए

बद्रीनाथ धाम के कपाट खोले जाने की तर्ज पर हरिद्वार के कनखल स्थित बद्रीश पंचायत मंदिर के कपाट भी वैदिक विधि विधान के साथ खोले गए। बद्रीश पंचायत मंदिर कनखल में बद्रीनाथ की तरह ही भगवान हरि नारायण का विग्रह है। कपाट खोलने से एक दिन पहले रामायण का अखंड पाठ का आयोजन किया गया जिसका आज पूर्णाहुति के साथ समापन हुआ। इसी के साथ बद्रीश पंचायत मंदिर के कपाट खोले गए। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित गजेंद्र जोशी ने बताया कि 1930 में बद्रीश पंचायत मंदिर की स्थापना एक संत ने गंगा के पावन तट पर की थी। इस मंदिर के संस्थापक स्वामी जी 1930 में उत्तराखंड के चार धामों में से एक बद्रीनाथ धाम में दर्शन करने गए थे।




# 6 स्कूलों में बम ब्लास्ट की धमकी, ईमेल मिलने से मचा हड़कंप, डॉग-बम स्क्वाड का सर्च ऑपरेशन



**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** दिल्ली-NCR और गुजरात के स्कूलों के बाद राजस्थान के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। आज सुबह 6 प्राइवेट स्कूलों में बम से उड़ाने की धमकी वाले ईमेल पहुंचे तो हड़कंप मच गया।बम और डॉग स्कवाड के साथ स्कूलों का कोना-कोना खंगाला जा रहा है। स्कूल खाली करा लिए गए हैं। बच्चों को बिना बैग के घर भेज दिया गया है।

हालांकि अभी तक सर्च में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है, लेकिन एक अज्ञात व्यक्ति ने स्कूलों के प्रिंसिपल को ईमेल भेजा, जिसमें लिखा कि आज स्कूल की बिल्डिंग को बम से उड़ा दिया जाएगा। आनन-फानन में ईमेल की सूचना पुलिस विभाग को दी गई। पुलिस टीमें बम निरोधक दस्ते के साथ मौके पर पहुंची। एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी आईं। बच्चों को उनके मां-बाप को बुलाकर उनके साथ घर भेज दिया गया।

# कपाट खोलने के बाद धाम में हुआ कुछ ऐसा, जिसे देश के लिए शुभ संकेत मान रहे तीर्थ पुरोहित

**जालंधर ( काजल विज ) :** बदरीनाथ धाम कपाट खोलने के बाद कुछ ऐसा हुआ जिसे तीर्थ पुरोहित देश के लिए शुभ संकेत मान रहे हैं।

दरअसल, बदरीनाथ की मूर्ति को कपाट बंद करने के वक्त ओढ़ाया गया घृत कंबल जब हटाया गया तो उसपर घी पूरी तरह से लगा मिला। इतने कम तापमान होने पर भी घी सूखा नहीं। घृतकंबल पर घी का ना सूखना देश के लिए शुभ माना जाता है।

बदरीनाथ के पूर्व धर्माधिकारी भुवन चंद्र उनियाल ने बताया कि जब बदरीनाथ गर्भगृह में घृत कंबल हटाया गया तो, उस पर लगाया गया घी का लेप सूखा नहीं था। इससे देश में खुशहाली आने के संकेत हैं।गत वर्ष भी घी सूखा नहीं था।

ऐसी धार्मिक मान्यता है कि यदि बदरीनाथ के माथे की तरफ कंबल से घी सूख जाता है तो हिमालय क्षेत्र में सूखे की स्थिति पैदा होती है, और निचले हिस्से में घी सूखे तो देश में विपत्ति आती है।



# कौन है परवेज खान, जिन्होंने 1500 & 800 मीटर दौड़ में किया कमाल, आनंद महिंद्रा भी हैरान

**जालंधर ( हिमांशु ) :** भारत में परवेज खान खेलों की दुनिया में एक नई सनसनी बनकर उबरे हैं। उन्होंने अमेरिका में कॉलेजिएट एथलेटिक्स चैम्पियनशिप (एसईसी आउटडोर ट्रैक एंड फील्ड चैंपियनशिप 2024 में 1500 मीटर दौड़ का खिताब अपने नाम किया है।

परवेज हरियाणा के नूंह जिले चाहल्का गांव के हैं, जो इन दिनों अमेरिका में स्कॉलरशि पर गए हुए हैं. उनकी दौड़ देखकर हर कोई हैरान है, जिसमें वह बहुत ही आसानी के साथ इस दौड़ में बाकी प्रतिभागियों से बड़ा अंतर बना चुके थे. उनकी इस दौड़ का वीडियो देखकर भारत के मशहूर उद्योगपति आनंद महिंद्रा भी हैरान रह गए.इस दौड़ की जीत का उनका वीडियो खूब वायरल हो रहा है. वीडियो में दिख रहा है कि परवेज खान ने अंतिम चरण में बढ़त बनाई और बैटन रूज के एलएसयू बर्नी मूर स्टेडियम में दौड़ जीतने के लिए 3 मिनट और 42.73 सेकेंड का समय निकाला. बता दें यह उनका पर्सनल बेस्ट नहीं है. उनका पर्सनल बेस्ट 3.38.76 है, जिसे उन्होंने पिछले महीने कैलिफोर्निया में हासिल किया था. इस दौरान अमेरिका के मैक्स हार्डिन (3ः43.39) दूसरे, जबकि डाल्टन हेंग्स्ट ने (3ः43.51) तीसरे स्थान पर जगह बनाई. इसके अलावा उन्होंने यहां 800 मीटर रेस में भाग लिया, जहां वह तीसरे स्थान पर रहे. बता दें परवेज खान फ्लोरिडा गेटर्स का प्रतिनिधित्व करते हैं. वह फ्लोरिडा यूनिवर्सिटी से स्कॉलरशिप पर यूएसए में हैं.



उनकी इस दौड़ का वीडियो देखकर आनंद महिंद्रा ने लिखा, विशुद्ध जोश और चुत्पा (फिल्म का डायलॉग) बहुत ही आसानी के साथ सभी को पीछे छोड़ दिया. मैंने इस क्लिप को देखने से पहले कभी उसके बारे में नहीं सुना था. लेकिन मैं उम्मीद करता हूं कि उसकी क्षमता और उसका विश्वास भारतीय ट्रैक ऐंड फील्ड में भविष्य में खूब चमकेगा.

# चन्नी और वड़िंग के लिए प्रचार करेंगे मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह




**जालंधर ( दीपांशु चोपड़ा ) :** पंजाब के दिवंगत गायक सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह और माता चरण कौर अपने छोटे बेटे शुभदीप सिंह सिद्धू के साथ सच खंड श्री हरिमंदर साहिब पहुंचे, जहां उन्होंने गुरु घर में माथा टेका।मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन पर काफी दबाव डाला था, लेकिन घर का माहौल ऐसा था कि मैंने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि मैं राजा वड़िंग और चरणजीत सिंह चन्नी का बहुत करीबी हूं, मैं उनके लिए प्रचार जरूर करूंगा। बता दें कि बलकौर सिंह ने मशहूर पंजाबी कवि, शायर, लेखक और गीतकार सुरजीत पातर के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

# मुंबई में आफत की बारिश, धड़ाम से गिरा बिलबोर्ड

**जालंधर ( जसवीर ) :** मुंबई में सोमावार को बारिश आंधी आफत बनकर आई. घाटकोपर इलाके में एक लोहे का बड़ा सा बिलवोर्ड आंधी का सामना नहीं कर पाया और धड़ाम से गिर गया. मुंबई ने बताया कि इस घटना में 37 लोग घायल हो गए हैं और करीब 50 से 60 लोग फंसे हुए हैं. बिलबोर्ड गिरने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया. महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने इस हादसे का जायजा लिया.

**शाम साढ़े चार बजे की घटना :** मुंबई पुलिस के मुताबिक, घाटकोपर के समता कॉलोनी में रेलेव पेट्रोल पंप पर ये हादसा शाम के करीब साढ़े चार बजे हुआ. फायर ब्रिगेट और प्रशासन की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन में जुट गई है.

मुंबई में तेज आंधी के साथ बारिश ने कहर बरपाया. आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया, वहीं परिवहन सेवाओं पर भी इसका असर हुआ है. घाटकोपर इलाके में हाईवे किनारे की बड़ी होर्डिंग गिर गई. इस हादसे में सात लोग घायल हो गए हैं.



**कई जगहों पर गिरे पेड़ :** सीएम शिंदे ने मुंबई महा नगरपालिका और आपत्ति व्यवस्थापन विभाग को आदेश दिए कि दुर्घटना की जगह तुरंत मदद पहुंचाई जाए. मुंबई में कुछ जगहों पर पेड़ गिरने की भी सूचना मिली.

**जोगेश्वरी में ऑटो के ऊपर गिरा पेड़ :** एक और वीडियो सामने आया है. ये वीडियो मुंबई के जोगेश्वरी मेघवाडी नाका का है. आंधी की वजह से एक पेड़ सड़क पर खड़े ऑटो पर आकर गिर गया. इस घटना में एक घायल हो गया और ऑटो रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया.

वीडियो में देखा जा सकता है कि एक महिला ऑटो का किराया देकर वहां से गुजरती है. कुछ लोग आस पास खड़े और बच्चे खेल रहे हैं. महिला सवारी से पैसे लेने के बाद ऑटो चालक गाड़ी को सड़क किनारे लगाकर कुछ देर वहां रुकता है. आस पास कुछ और भी ऑटो और गाड़िया खड़ी हैं. जैसे ही ऑटो चालक वहां से जाने लगता है एक पेड़ सीधा ऊपर से आकर गिरता है. इस घटना के बाद वहां खड़े बच्चे भाग खड़े होते हैं.